>

Title: Need to construct a fly-over on Railway Crossing No. 122-C in Lucknow-Bareilley Division, Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री का ध्यान पूर्वोत्तर रेलवे जोन के अंतर्गत पड़ने वाले लखनऊ-बरेली प्रखण्ड पर क्रासिंग 122-सी, भंसरिया पर यातायात की खस्ता हालत की ओर दिलाना चाहता हूं। यहां पर यातायात को नियमित करने की आवश्यकता है। इसी लाइन पर पड़ने वाले रेलवे क्रासिंग, कुनेठिया, फरधान तथा राजापुर पर भारी यातायात के चलते वाहनों का भारी जमावड़ा लगा रहता है और लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इन क्रासिंग पर फ्लाई ओवरब्रिज बनाने की आवश्यकता है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इन क्रासिंगों पर फ्लाई ओवरब्रिज बनाने की व्यवस्था की जाये।